तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जून 2026



15 कलेक्टर ने पैदल तय किया दुर्गम सफर, सुनी ...



16 अवैध कटाई और शिकार रोकने वन अमले ने ...






**खबर संक्षेप**

### शिक्षा विभाग के आदेश को निरस्त करने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन



**जगदलपुर।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की अगुवाई में शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रार्थना आदेश पर पुनर्विचार कर धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के तहत सभी धर्मो का सम्मान करते हुए पुरानी प्रार्थना व्यवस्था को लागू करने की मांग की गई है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष रोजविन दास ने जारी बयान में कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार, जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत, शिक्षकों की कमी, शिक्षा के व्यापारीकरण को रोकने ध्यान आकर्षित कराया गया तथा उक्त आदेश पर पुनर्विचार कर सर्वधर्म समभाव के साथ आचरण करने की मांग की गई। इस अवसर पर जावेद खान, प्रशांत जैन, अल्ताफ खान, रवि शंकर तिवारी, बिजेंद्र ठाकुर, साहिल हियाल, मो.इमरान खान, नेलविन दास, अफरोज बेगम, जोस्टिन भवानी, अंजना नाग, जयंती केरकेट्टा, श्याम काशी नायक उपस्थित थे।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश आज से

**जगदलपुर।** शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक धरमपुरा में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम चरण में प्रवेश में छात्राओं की मेरिट सूची 19 जून को जारी की गयी है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 20 से 24 जून तक की जाएगी। प्राचार्य ने सभी पात्र छात्राओं एवं अभिभावकों से निर्धारित समयावधि में आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करने का आग्रह किया है ।

### पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापमं) द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) और प्री-वेटेरिनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) प्रवेश परीक्षा 28 जून को होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1. 15 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके सफल और शांतिपूर्ण संचालन के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। उक्त परीक्षा हेतु जगदलपुर शहर में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज धरमपुरा झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय शांति नगर और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर कुल 933 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# बुलेट जैसी आवाज निकालने वाले बाइक चालक पर कोर्ट ने लगाया 27 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

सड़क पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर फर्राटा भरने और तेज आवाज से लोगों को परेशान करने वाले स्टंटबाजों के खिलाफ दंतेवाड़ा पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बचेली पुलिस की मुस्तैदी के चलते न्यायालय ने एक नाबालिग मोटरसाइकिल चालक पर 27 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट के आदेश पर गाड़ी से अवैध साइलेंसर निकालकर जब्त कर लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बचेली निवासी एक नाबालिग चालक बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, एलईडी लाइट और मोटे टायर लगवाकर सड़कों पर तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ा रहा था। साइलेंसर से निकलने वाली तेज और डरावनी आवाज से राहगीर और स्थानीय लोग खासे परेशान थे। पुलिस ने वाहन को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इसके बाद आरोपी चालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां कोर्ट ने यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने पर 27 हजार का अर्थदंड का आदेश दिया। साथ ही जब तक गाड़ी में ओरिजिनल साइलेंसर नहीं लग जाता, वाहन सुपुर्द नहीं किया जाएगा।

## वाहन में ओरिजनल साइलेंसर लगाने पर ही सुपुर्द करने के दिए निर्देश

#### दुर्घटनाएं रोकने के लिए रोजाना चेकिंग

पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर को कम करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बचेली थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू अपनी टीम के साथ रोजाना अलग-अलग चौक-चौराहों पर चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों को समझाइश देने के साथ-साथ चालानी कार्रवाई भी की जा रही है।



#### वाहनों से न करें छेड़छाड़

पुलिस ने आम जनता और विशेषकर पालकों से अपील की है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। साथ ही किसी भी वाहन में अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं और यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित वाहन चलाएं।

### एक पंखे के सहारे गुजर रही गर्मी

# संगमपल्ली के बैंक में सुविधाओं का अभाव भीषण गर्मी में कर्मचारी व ग्राहक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिला मुख्यालय बीजापुर से लगभग 30 किलोमीटर दूर भोपालपटनम जनपद पंचायत अंतर्गत संगमपल्ली में संचालित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के अभाव में संचालित हो रही है। 2018 में क्षेत्र के ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल्दबाजी में शाखा का शुभारंभ तो कर दिया गया लेकिन आज तक ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकी हैं।

भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, वहीं बैंक शाखा में कार्यरत कर्मचारी एक पंखे के सहारे अपनी ड्यूटी निभाने मजबूर हैं। क्षेत्र में बिजली की समस्या ऐसी है कि सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक पंखे भी प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाते। ऊपर से शाखा भवन की सीमेंट शीट की छत गर्मी को और बढ़ा देती है, जिससे बैंक का पूरा परिसर भट्टी जैसा महसूस होता है। शाखा में एक पुराना कूलर जरूर रखा गया है, लेकिन पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण वह भी गर्म हवा ही फेंकता है। शाखा प्रबंधक के. बाल शेखर ने बताया कि शाखा में आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं की मांग को लेकर उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। कर्मचारियों और ग्राहकों दोनों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने परेशानी साझा करते कहा कि सुविधाओं के अभाव में कार्य करना बेहद कठिन हो गया है।





#### बैंक में ग्राहकों के लिए पानी तक नहीं

नागरिकों का कहना है कि बैंक में ग्राहकों के बैठने, ठंडे पेयजल, पर्याप्त वेंटिलेशन और मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। पिछले दिनों एक ग्राहक को अत्यधिक गर्मी के कारण बैंक परिसर में चक्कर आ गया था।

#### उच्च प्रबंधन से सुविधाओं की मांग

ग्रामीणों और उपभोक्ताओं ने पंजाब नेशनल बैंक के उच्च प्रबंधन, जिला प्रशासन एवं अधिकारियों से मांग की है कि संगमपल्ली शाखा में तत्काल बिजली, कूलिंग व्यवस्था, पेयजल, बैठने की सुविधा एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं मिल सकें।

## गाज गिरने से 2 छात्राएं बेहोश

**पेड़ के नीचे बैठीं थीं छात्राएं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम घाटलोहंगा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी माध्यम के प्रांगण के बाहर स्थित वट वृक्ष के नीचे कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्राएं कुमारी मनेश्वरी मौर्य और सीमा भद्रे बाहर बैठी हुई थी। 18 जून को इसी समय अचानक गाज गिरने से दोनों छात्राएं बेहोश हो गई। बाहर से आवाज आने पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं को कक्षा में लाया एवं एंबुलेंस को कॉल कर महारानी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राचार्य से प्राप्त सूचना अनुसार दोनों छात्राएं खतरे से बाहर हैं। कुमारी मनेश्वरी टिकरालोहंगा की रहने वाली है उसके गले पर चोट लगना बताया गया है जिसका उपचार चल रहा है । प्राचार्य ने थाना प्रभारी बस्तर को सूचना दे दी है।

## शराब के नशे में बस चला रहे चालक पर कार्रवाई, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/ कोंटा

थाना कोंटा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों से भरी बस के नशेड़ी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आज कोंटा बस स्टैंड में पायल बस क्रमांक सीजी 07 सीएम 5400 के चालक की गतिविधियां संदिग्ध दिखने पर जागरूक नागरिकों ने तुरंत सूचना थाना में दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। नागरिको ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सबसे पहले बस को रुकवाया ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ब्रीथ एनालाइजर से चालक का अल्कोहल ▶▶| शेष पेज 14 पर



■ चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

## आरटीओ व उड़नदस्ता टीम ने की 10 स्कूल बसों की जांच

**जगदलपुर।** जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा कॉलेज, आईटीआई एवं स्कूलों की बसों की जांच के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन शुक्रवार को 8 स्कूल की 10 स्कूल बसें पहुंची, जिनका आरटीओ एवं उड़नदस्ता की टीम ने जांच की। जांच के दौरान सभी स्कूल बसों के कागजात सही रहे। दूसरे दिन शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक भी स्कूल बसों की जांच की जाएगी। शिविर में निरीक्षण के लिए प्रस्तुत बसों एवं अन्य वाहनों का एक सेट आवश्यक दस्तावेज मौके पर पेश करना अनिवार्य है। संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि शिविर में जो स्कूल ▶▶| शेष पेज 14 पर



## योग, स्वस्थ और संतुलित जीवन का मूलमंत्र : देव

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भारत की ऋषि परम्परा की यह अमूल्य धरोहर आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा विश्व योग के महत्व को स्वीकार कर रहा है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और तनावपूर्ण माहौल में योग मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा प्रदान करने का अचूक साधन है। यह न केवल शरीर को निरोगी रखता है, बल्कि एकाग्रता और सकारात्मकता को भी बढ़ाता है। योग मत, पंथ या मजहब से परे संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है। यह 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को चरितार्थ ▶▶| शेष पेज 14 पर



### महापौर ने महादेव घाट का निरीक्षण कर तय सीमा में काम पूरा करने को कहा

# हाईमास्ट लगने से सुरक्षा बढ़ेगी घाट का सौंदर्य निखरेगा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पांडे ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल महादेव घाट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महादेव घाट के कार्यों को तय कार्ययोजना के अनुरूप प्राथमिकता से शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। यहां निर्माण कार्यों में घाट निर्माण, सुरक्षा के लिए टो वॉल निर्माण, आवागमन की सुविधा हेतु पेवर ब्लॉक बिछाने, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए चबूतरा निर्माण तथा सुरक्षा की दृष्टि से एसएस रेलिंग लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शौचालय निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। महापौर ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाए। महादेव घाट श्रद्धा का बड़ा केंद्र है इसका विकास आध्यात्मिक केंद्र के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महादेव घाट में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हाई मास्ट लाइट एवं आकर्षक डेकोरेटिव लाइट्स स्थापित किए जायेंगे। रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था से क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ेगी तथा घाट का सौंदर्य भी निखरेगा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं महिलाओं ने भी घाट क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 14 पर






## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रक्रिया शुरू

**जगदलपुर।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के लिए है, जिसके पंजीयन, स्वीकृति और वितरण की तमाम कार्रवाई विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है। इस संबंध में बस्तर जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेजों के साथ-साथ आईटीआई और पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों और छात्रवृत्ति प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं ताकि कोई भी पात्र छात्र इस लाभ से वंचित न रहे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण के लिए विस्तृत समय-सारणी निर्धारित की गई है, जिसके तहत छात्रवृत्ति आवेदनों के नवीनीकरण का पोर्टल 20 जून से खोल दिया जाएगा।

### ग्राम नेवरा का अद्यतन नक्शा-खसरा प्रकाशित

**कोण्डागांव।** जिले के ग्राम नेवरा में छत्तीसगढ़ भू–राजस्व संहिता के तहत भू–सर्वेक्षण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। सर्वेक्षण के दौरान कृषकों के वास्तविक कब्जे के आधार पर प्रारंभिक नक्शा एवं खसरा प्रकाशित किया गया था। प्राप्त दावा–आपत्तियों का नियमानुसार निराकरण करने के बाद अद्यतन अभिलेख तैयार किए गए। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना के अनुसार ग्राम नेवरा, प.ह.न. 30, छिनारी, राजस्व निरीक्षक मंडल बीजापुर, उप तहसील बीजापुर, तहसील माकड़ी का अद्यतन नक्शा–खसरा अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया गया है। अद्यतन नक्शा–खसरा के अंतिम प्रकाशन से भूमि संबंधी अभिलेखों की सटीकता बढ़ेगी तथा राजस्व मामलों के निराकरण में सुविधा मिलेगी।

### कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह कल

**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन के सहयोग से 21 जून को प्रातः 6:30 बजे शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर सांसद भोजराज नाग शामिल होंगे। समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक भाग लेंगे। समाज कल्याण विभाग के अनुसार योग प्रशिक्षकों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। साथ ही योग के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्थी एजिंग' रखी गई है। इसके तहत जिले के विकासखंडों, नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग ने सभी विभागों के अधिकारियों–कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से सफेद टी–शर्ट पहनकर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने तथा योग दिवस को सफल बनाने की अपील की है।

### नीट परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने नीट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विशेष आदेश जारी किया है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, जामकोटपारा एवं शासकीय बाल उच्चतर माध्यमिक शाला, अस्पताल वार्ड कोण्डागांव में परीक्षा आयोजित होने के कारण आसपास के क्षेत्रें में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा या व्यवधान न हो, इसके लिए कोलाहल एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी प्रावधानों के तहत यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 20 जून से 21 जून तक जामकोटपारा वार्ड एवं अस्पताल वार्ड क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रें और कोलाहल उत्पन्न करने वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा।

# ईशान ने कक्षा पांचवीं में जिले में हासिल किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



सेंट विल्फ्रेड अंग्रेजी माध्यम स्कूल माकड़ी के छात्र ईशान साहू ने विकासखंड माकड़ी में प्रथम तथा जिला कोंडागांव में तृतीय स्थान हासिल किया है। माकड़ी निवासी शत्रुहन साहू के पुत्र ईशान साहू ने छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 5वीं परीक्षा सत्र 2025–26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। ईशान ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। ईशान की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, परिजनों, रिश्तेदारों और मित्रें ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। ईशान साहू की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उनकी मेहनत और लगन यह संदेश देती है कि समर्पण के साथ पढ़ाई करने पर बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### जोंदरापदर की गरिमा रहीं दसवें नंबर पर

प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर की छात्रा गरिमा ने कक्षा पाँचवीं बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में दसवाँ स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्र गरिमा की उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित सादे समारोह में पुष्पगुच्छ और लेखन सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। गरिमा ने नियमित अध्ययन, कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। प्रधान पाठक मधु तिवारी एवं शिक्षकों ने कहा कि गरिमा की सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। विद्यालय में विभिन्न नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन–अध्यापन कराया जाता है, जिसका सकारात्मक परिणाम विद्यार्थियों की उपलब्धियों के रूप में सामने आ रहा है। गरिमा की सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है। सभी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिका सरिता शोरी, पालकगण, माताएं एवं विद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## नीति आयोग ने प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया आयोजन

**डेटा आधारित योजना निर्माण पर दिया गया प्रशिक्षण**

# कोंडागांव को मिला देश का पहला 'नीति तारा' टूलकिट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा विकसित 'नीति तारा' टूल किट फॉर एनालिसिस, रिव्यू एंड एक्शन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोंडागांव जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहला नीति तारा टूलकिट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अधिकारियों को डेटा विश्लेषण, प्रगति समीक्षा, लक्ष्य आधारित कार्ययोजना निर्माण एवं विभिन्न विकास संकेतकों की निगरानी संबंधी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य नीति आयोग और नीति आयोग के विशेषज्ञ रहे मौजूद। कार्यक्रम को राज्य नीति आयोग की ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. नीतु गोर्डिया ने संबोधित किया। वहीं नीति आयोग की विशेषज्ञ टीम ने टूलकिट के उपयोग और इसके लाभों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

#### कलेक्टर ने बताया सभी विभागों के लिए उपयोगी

*कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि नीति तारा टूलकिट विभिन्न विभागों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इससे विकास कार्यों की निगरानी एवं परिणामों में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। प्रशिक्षण स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि सहित कई क्षेत्रों पर फोकस रहा। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना, सामाजिक विकास, पशुपालन, एनआरएलएम/बिहान और टीबी स्वास्थ्य से जुड़े संकेतकों की समीक्षा एवं डेटा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।*

#### आकांक्षी जिला कार्यक्रम को मिलेगी मजबूती

*कार्यक्रम का उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रमों के अंतर्गत साक्ष्य आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत बनाना और विकास संकेतकों में बेहतर प्रगति सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी, विभाग प्रमुख, इंडिकेटर हेड्स तथा बेसलाइन कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।*

# राज्यपाल ने किशोर को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को रायपुर स्थित लोकभवन राजभवन में आयोजित गरिमामय समारोह में शहर निवासी एवं ब्राह्मण समाज के सदस्य किशोर शर्मा को उनके निरंतर रक्तदान और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए "सक्रिय रक्तदाता पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने प्रदान किया। सम्मान समारोह में रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के चेयरमैन तोमन साहू तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. रूपल पुरोहित सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। किशोर शर्मा को यह सम्मान नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने तथा समाज में रक्तदान के प्रति जागरुकता फैलाने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। उनके इस सम्मान को कोंडागांव जिले के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। ब्राह्मण समाज जिला कोंडागांव के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान समाज के युवाओं को मानव सेवा और रक्तदान जैसे नेक कार्यों के लिए प्रेरित करेगा। समारोह के उपरांत ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने आमजन से अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर समाज के सलाहकार गोपाल दीक्षित, सचिव पवन झा, मुकेश तिवारी, राजेश पाण्डेय, भगवती प्रसाद पाण्डेय, शिशिर शर्मा, विजय मिश्रा, डॉ. हितेश मिश्रा, महिला विंग की जिलाध्यक्ष श्रीमती शांति बाजपेई, डॉ. रश्मि अग्निहोत्री, गीता पाण्डेय, निशा पाण्डेय, प्रमिला पाण्डेय, डॉ. नीता मिश्रा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



# सुरडोंगर स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

क्षेत्र के सुरडोंगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा निशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश देकर उनका आत्मीय स्वागत किया। शाला प्रवेश उत्सव में शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमल नेताम, उपाध्यक्ष नवल मरकाम, पार्षदों में महेश तारम, नम्रता भारद्वाज, शाला विकास समिति के सदस्य अग्रहित कमेटी, मनीषा सलाम एवं पालकगण तथा संस्था के प्राचार्य भूपेश नाविक, समस्त स्टाफ, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जीआर वट्टी व्याख्याता ने किया।

# मानसून के पूर्व नगर पंचायत नालियों की सफाई में लगा



**केशकाल।** नगर पंचायत द्वारा मानसून आने के पूर्व नगर की नालियों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सफाई कर्मियों को जगह-जगह नालियों की साफ-सफाई में लगाया गया है। अभियान के तहत नगर पंचायत में जिन नालियों में बारिश के पानी का अधिक दबाव होता है। जिन स्थानों में जल भराव की समस्या अधिक है, उस स्थानों की नालियों को अभियान के तहत साफ किया जा रहा है। इसके साथ ही बारिश के दौरान अधिक पानी आने से नालियों में जल भराव की समस्या न आए, जिससे नालियों का कचरा सड़क पर न आए इसके लिए भी इस अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

**नालियों में कचरा न फेकें-** नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेश चंदेल ने कहा कि नगर पंचायत के कुछ जगहों पर जल भराव की समस्या थी, जिसे दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से नालियों में कचरा नहीं फेंकने की अपील की है, ताकि जाम न हो। उन्होंने कहा नालियों के बंद होने की समस्या का मूल कारण लोगों द्वारा कचरा फेंका जाना है। इस कारण अधिकांश समस्या आ रही है। जिन स्थानों में नालियों में पानी भराव की समस्या आए, लोग इसकी सूचना नगर पंचायत को दे। ताकि समय रहते नालियों की साफ कर जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

# माध्यमिक शाला कन्या मुंगबाड़ी में शाला सह संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

नगर के माध्यमिक शाला कन्या मूंगबाड़ी मे हायर सेकेंडरी/ माध्यमिक/ प्राथमिकशाला संकुल केंद्र संकुल प्राचार्य सह संकुल समन्यवक/ प्राचार्य सह समस्त प्रधानाध्यापक केशकाल के द्वारा शुक्रवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया, कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों का तिलक वंदन करते हुए उनको गणवेश वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय ने शाला प्रवेशोत्सव पर पालकों की उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने बच्चों की शिक्षा पर पालकों को ध्यान देना चाहिए। स्कूल की हर गतिविधि में सहभागी बनना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर पंचायत के पार्षद राजेंद्र ठाकुर ने निर्माणों के पावन युग में' भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रसिद्ध कवि अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रचित एक अत्यंत प्रेरणादायक और प्रसिद्ध कविता गाते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत मे संकुल समन्वयकों द्वारा परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया गया। संचालन सरिता नेताम एवं आभार प्रदर्शन कन्या शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा ने किया।




#### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पीलाबाई जैन, पूर्व पार्षद गीता ध्रुव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी देवेश चंदेल, संकुल समन्यवक राजेश उइके, धन प्रसाद साहू प्रधान अध्यापक सुनीति सोनी, डी. आर. मंडावी, साधना साहू, सुप्रिया अवधिया, सीमा नेताम, भूपेश साहू, दीपक जंघेल, जयश्री टंडन, जगतूराम शोरी, शेखर सिन्हा, रुद्र प्रताप साहू, शेफाली गुप्ता, कुशाल सिंह नेताम प्रधान अध्यापक शिल्पी ठाकुर, मंजूरी नेताम प्रधान अध्यापक कुंती उसेंडी, सरिता शोरी आदि उपस्थित रहे।*

## मानसिक स्वास्थ्य और बाल सुरक्षा कार्यों की सराहना

# यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल ने शंकरपुर में सामुदायिक पहल का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



जिले के शंकरपुर गांव में यूनिसेफ इंडिया एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने मानसिक स्वास्थ्य और बाल सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सामुदायिक प्रयासों का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने युवोदय कोंडानार चौंप्स के कार्यों की प्रशंसा की।

ग्राम शंकरपुर में आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल का बस्तरिया लोकनृत्य और मांदर वादन से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने मानसिक स्वास्थ्य, बाल सुरक्षा और "आओ बात करें" अभियान के सकारात्मक प्रभावों को साझा किया। युवोदय कोंडानार चौंप्स के स्वयंसेवकों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता, बाल सुरक्षा, एनीमिया मुक्ति, टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, नशामुक्ति और पॉक्सो कानून से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। भ्रमण के बाद कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने यूनिसेफ प्रतिनिधियों के साथ जिले में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की।

***समुदाय आधारित मॉडल को बताया प्रेरणादायक** – यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल ने युवाओं की भागीदारी से संचालित इस सामुदायिक पहल को प्रभावी और प्रेरणादायक मॉडल बताते हुए इसकी सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने ऐसे प्रयासों को सामाजिक बदलाव के लिए महत्वपूर्ण बताया।*

## पेज 13 के शेष

### शराब के नशे में बस चला...

टेस्ट किया गया। जिसमें उसके शराब के अत्यधिक नशे में होने की प्रारंभिक पुष्टि हुई। संदेह को पूरी तरह पुख्ता करने के लिए पुलिस चालक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा लेकर गई। डॉक्टरों द्वारा किए गए चिकित्सकीय परीक्षण में भी चालक के भारी नशे में होने की पुष्टि हुई।

**पुलिस प्रशासन की आम जनता से अपील:** आरोपी बस चालक प्रताप नायर 40 वर्ष निवासी कोरापुट उड़ीसा के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बस को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवाया है। वाहन के समस्त आवश्यक दस्तावेजों का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस द्वारा मामले का प्रतिवेदन चालान तैयार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा के न्यायालय में पेश किया जा रहा है। यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले किसी भी वाहन चालक को बख्शा नहीं जाएगा। सुकमा पुलिस और जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है। भविष्य में भी इस प्रकार की औचक जांच और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस नागरिकों की सजगता की सराहना की गई है।

### आरटीओ व उड़नदस्ता...

बस नहीं पहुंचने पर मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत संबंधित वाहनों का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुज्ञा प्रमाण पत्र निलंबन या निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी और वाहन संचालित पाए जाने पर वाहन को निरुद्ध भी किया जाएगा।

### योग, स्वस्थ और संतुलित....

करता है। जब प्रत्येक नागरिक शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होगा, तभी एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव है। देव ने छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों से अपील की है कि वे योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस योग दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि करो योग, रहो निरोग के मंत्र को अपने जीवन में उतारेंगे और एक स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### हाईमास्ट लगने से...

के विकास से संबंधित सुझाव दिए। नागरिकों ने सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। महापौर ने कहा कि स्थानीय नागरिकों के सुझावों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा, जिससे महादेव घाट को शहर के एक आदर्श धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी एवं संग्राम सिंह राणा, निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दिलीप मरकाम तथा ठेकेदार अशोक पांडे उपस्थित रहे। वार्ड के ललिता जंगम, मोनालिसा श्रीवास्तव, निर्मला दास, रोहिणी यादव, विंध्यवासिनी प्रजापति, जमुना ध्रुव, मनीषा प्रजापति, सावित्री जंगम एवं कंचन जंगम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने लिया नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा



**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा लिया। कलेक्टर ने धरमपुरा क्षेत्र में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में व्यवस्थाओं का अवलोकन कर हितग्राहियों से उनके स्वास्थ्य में हो रही सुधार, उनके दैनिक गतिविधियों के संबंध चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुचिता लकड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

### स्कूलों में धार्मिक अनिवार्यता का विरोध

**जगदलपुर।** आदिवासी युवा छात्र संगठन ने शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के विरोध में 19 जून को ज्ञापन सौंपते आदेश को तत्काल वापस लेने अथवा संशोधित करने की मांग की है। संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मण बघेल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उक्त आदेश के तहत शासकीय विद्यालयों में दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, जो धर्मनिरपेक्ष भावना तथा सांस्कृतिक विविधता के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर सहित पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में आदिवासी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनकी अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराएं, मान्यताएं एवं आस्था प्रणाली है। ऐसे में किसी विशेष धार्मिक अनुष्ठान को अनिवार्य बनाना आदिवासी समाज सहित अन्य समुदायों की सांस्कृतिक पहचान एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

### पेनाल्टी शूटआउट में बस्तर ने लालबाग को हराया

**जगदलपुर।** मिशन बॉयज क्लब के तत्वावधान में 9 साइड नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में आज चौथे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच मसगांव विरुद्ध फील्ड स्ट्राइकर के मध्य खेला गया। इस मैच में मसगांव 2-0 से विजयी रही। दूसरा मैच लालबाग विरुद्ध बस्तर के मध्य खेला गया जो 1-1 गोल पर बराबर रही। इस मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से लिया गया जिसमें चार गोल के मुकाबले पांच गोल मार कर बस्तर एफसी विजयी रही। कल 20 जून को दो मैच खेला जाएगा। पहला मैच मैत्री संघ विरुद्ध यंग स्टार और दूसरा मैच मिशन बॉयज विरुद्ध ब्लैक डॉग के मध्य खेला जाएगा।

### संजय दास मानिकपुरी बने संभाग अध्यक्ष



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमे बस्तर सम्भाग से प्रहलाद राजपूत को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेश सोना को प्रदेश कार्यकरणी अध्यक्ष, संजय दास मानिकपुरी को बस्तर सम्भाग अध्यक्ष व ओम प्रकाश कुम्भकार को प्रदेश कार्यकरणी का सदस्य नियुक्त किया गया।

# अवैध कटाई और शिकार रोकने वन अमले ने मैदान में परखी अपनी ताकत

**संवेदनशील क्षेत्रों में मॉकड्रिल, वन अपराधों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए अमले ने की तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वनों की सुरक्षा, अवैध कटाई, अतिक्रमण और शिकार जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए बस्तर वनमंडल ने एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील कदम उठाया है। वन परिक्षेत्र भानपुरी के संवेदनशील क्षेत्रों बनियागाँव और पिपलावंड में आज वनमंडल स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस विशेष अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में वन अमले की त्वरित कार्यवाही क्षमता को परखना और उनकी कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में वन विभाग की टीम तत्काल एक्शन ले सके।

इस मॉकड्रिल के दौरान पूरे वन अमले ने युद्ध स्तर पर काम करने का अभ्यास किया। इसके तहत घटना की जानकारी मिलते ही अमले को अलर्ट मोड पर लाने, त्वरित सूचना देने और घटनास्थल पर बिना वक्त गंवाए पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई करने की कड़ियों को परखा गया। वन अमले ने बनियागाँव और पिपलावंड के जंगलों में सघन गश्त की और मॉकड्रिल के हिस्से के रूप में वन अपराधों के मामलों को तत्काल दर्ज भी किया। इस दौरान टीम ने वहाँ मौजूद ग्रामीणों और ट्रैक्टर चालकों को वनों को नुकसान पहुंचाने और अवैध अतिक्रमण के गंभीर कानूनी व व्यावहारिक दुष्परिणामों के बारे में समझाइश दी, साथ ही उन्हें वन संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया।

इस विशेष अभ्यास में वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, उप वनमंडलाधिकारी आईपी बंजारे, योगेश रात्रे एवं सुखदास नाग के साथ ही समस्त परिक्षेत्र अधिकारी लालसाय मरकाम, प्रकाश ठाकुर, सौरभ रजक, बुधराम साहू, खितीराम कुरे, रायतू राम मौर्य, सुश्री दीक्षा वर्मा, प्रकाश देहारी एवं देवेन्द्र तारम सहित विभिन्न क्षेत्रों के परिक्षेत्र सहायक, परिसर रक्षक और सुरक्षा श्रमिक भी शामिल रहे।



**जैव विविधता को बचाने की पहल**

वनमंडलाधिकारी ने कहा कि वन केवल लकड़ी या अन्य वनोपज का जरिया नहीं हैं, बल्कि ये हमारे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता को बचाने, जल स्रोतों को जीवित रखने और जलवायु परिवर्तन के खतरों को कम करने का मुख्य आधार हैं। वन और वन्य जीव एक-दूसरे के पूरक हैं और इनका संरक्षण मानव जीवन के सुरक्षित तथा समृद्ध भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे अपील की कि वनों की रक्षा करना किसी एक विभाग का नहीं, बल्कि हर नागरिक का मौलिक कर्तव्य है और आने वाली पीढ़ियों के लिए हम सबको मिलकर अपनी यह सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी।

## अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

# मानसून पूर्व बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले में मानसून के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ आपदा से राहत और बचाव सुनिश्चित करने के लिए बस्तर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है।

- कलेक्टर की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा प्रबंधन की हुई बैठक

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बाढ़ आपदा प्रबंधन योजना 2026-27 को अंतिम रूप दिया गया है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में कम से कम समय में त्वरित राहत पहुंचाई जा सके। आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो चैबीसों घंटे चालू रहेगा।

बाढ़ नियंत्रण समिति ने जिले से होकर गुजरने वाली इंद्रावती नदी के जल स्तर पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, जिसका वार्निंग लेवल 7 मीटर तथा डेंजर लेवल 8.30 मीटर निर्धारित किया गया है। नदी में जलभराव या ओडिशा के खातीगुड़ा डैम से पानी छोड़े जाने की स्थिति पर केंद्रीय जल आयोग के साथ मिलकर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि समय रहते मैदानी इलाकों को सचेत किया जा सके। प्रशासन ने संभावित रूप से प्रभावित होने वाले संवेदनशील विकासखंडों के अंतर्गत बकावण्ड के तारापुर, बनियागांव, बजावण्ड एवं बेलगांव सहित जगदलपुर के धनपुंजी, नगरनार, भेजापदर तथा लोहंडीगुड़ा के टाकरागुड़ा, बडांजी, कुम्हली और बस्तर तहसील के बड़े चकवा, पटेलपारा जैसे दर्जनों गांवों को पहले से चिन्हित कर लिया है। बाढ़ प्रभावितों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए कई प्राथमिक शाला भवनों, धर्मशाला और सामुदायिक केंद्रों को राहत शिविर स्थल के रूप में आरक्षित किया गया है। इन सभी शिविरों के लिए विशेष नोडल अधिकारियों और प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो वहां रहने वाले लोगों के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, बिजली और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।



**खाद्यान्न का अग्रिम भंडारण**

महामारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों में ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन टैबलेट का छिड़काव करवाएं। इसके साथ ही आपदा के दौरान गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कटने की स्थिति के मद्देनजर पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न, मिट्टी तेल और डीजल का अग्रिम भंडारण करने के निर्देश खाद्य नियंत्रक को दिए गए हैं।



### नीट पेपर लीक ने खोल दी भ्रष्टाचारियों की पोल : मौर्य

**जगदलपुर।** राजीव भवन में नीट परीक्षा को लेकर प्रेसवार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में हुए पेपर लीक और अनियमितताओं ने केंद्र सरकार की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर दी है। लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाले आज युवाओं के सवालों का जवाब देने से बच रहे है। इस दौरान कोटा में राहुल गांधी के युवाओ के संवाद को प्रॉजेक्टर में दिखाया गया।

- पत्रवार्ता में कांग्रेस ने लगाए आरोप

मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी लगातार छात्रों और युवाओं की आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक माफिया और बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया, उससे सरकार बौखला गई है।

उन्होंने दर्दनाक घटनाओं का भी उल्लेख किया, जिनमें परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं से परेशान होकर कई युवाओं ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी सरकार ले । दोषियों को कठोर सजा दी जाए तथा ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे भविष्य में किसी भी परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल न उठे।

प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, प्रेमशंकर शुक्ला, कविता साहू, अभिषेक नायडू, नीतीश शर्मा, संतोष सेठिया, विजेंद्र ठाकुर, ज्योति राव, शादाब अहमद, मोहसिन खान, खेमराज सेठिया मौजूद रहे।

## ऑनलाइन शिक्षा, बैंकिंग और टेलीमेडिसिन को मजबूत बना रही भारतनेट योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रामीण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए बीएसएनएल भारतनेट उद्यमी योजना के तहत फाइबर-टू-द-होम सेवाओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में किफायती, उच्च गति और सुरक्षित इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण समुदाय भी डिजिटल इंडिया अभियान का हिस्सा बन सकें।

- बीएसएनएल से संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा

बीएसएनएल द्वारा बस्तर संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी इंस्टॉलेशन शुल्क और बिना मॉडेम, आएनटी शुल्क के एफटीटीएच इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक परिवार ब्रॉडबैंड सेवाओं को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। बीएसएनएल भारत फाइबर सेवाओं के माध्यम से ग्रामीण उपभोक्ता मात्र 329 रुपए प्रति माह से शुरू होने वाली दरों पर उच्च गति और सुरक्षित इंटरनेट तथा अनलिमिटेड कॉलिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इस कनेक्टिविटी का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में देखा जा रहा है। विद्यार्थी ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ पा रहे हैं, किसान बाजार भाव और मौसम की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, स्वास्थ्य सेवाएं टेलीमेडिसिन के माध्यम से उपलब्ध हो रही हैं, तथा नागरिक ऑनलाइन बैंकिंग, ई-गवर्नेंस सेवाओं जैसे आधार, पैन, सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। छोटे व्यवसाय भी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं। भारतनेट उद्यमी योजना और बीएसएनएल एफटीटीएच मिलकर ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देने और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उच्च गति ब्रॉडबैंड के माध्यम से यह पहल ग्रामीण भारत को अधिक मजबूत, जुड़ा हुआ और डिजिटल रूप से सक्षम बना रही है।

**स्वरोजगार के नए अवसर भी होंगे**

बीएसएनएल के टीडीएम एससी तिवारी ने बताया कि यह प्रोत्साहन प्रणाली ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में एफटीटीएच सेवाओं के विस्तार को गति देने के लिए बनाई गई है, जिससे छोटे से छोटे गांवों तक भी उच्च गति इंटरनेट सुविधा पहुंच सके। बीएसएनएल के अनुसार बीएनयू साझेदार ग्रामीण स्तर पर ग्राहकों को जोड़ने, स्थापना में सहायता करने तथा सेवा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह पहल न केवल डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं एवं उद्यमियों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी।

## नाबालिग को भगाकर यौन शोषण करने वाला 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम में नाबालिग से दोस्ती की फिर उसे भगाकर यौन शोषण करने वाले आरोपी को नानगुर पुलिस ने 24 घंटें के भीतर गिरफ्तार करने व पीड़िता को बरामद करने में सफल रही।

- इंस्टाग्राम में दोस्ती कर पीड़िता को झांसा देकर किया शोषण

नानगुर थाना क्षेत्र की नाबालिग पीड़िता को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला-फुसलाकर कर लें जाने की रिपोर्ट 16 जून को प्राथरी द्वारा नानगुर थाना में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई के पर्यवेक्षण में पीड़िता को बरामद करने व आरोपी को गिरफ्तार करने नानगुर टीआई गणेश यादव के नेतृत्व में अलग अलग टीम गठित किया गया था। काफी प्रयास व पता तलाश के बाद टीम को पता लगा कि सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के जरिए पीड़िता का किसी लड़के से जान पहचान और दोस्ती है।



टीम लगातार प्रयास करते हुए आखिरकार आरोपी के ठिकाने का पता लगाने में कामयाब रही। टीम तत्काल आरोपी रोहित पटेल 20 वर्ष निवासी ग्राम नकटी सेमरा थाना बोधघाट के पते पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पीड़िता को बरामद किया। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी रोहित नाबालिग पीड़िता को इंस्टाग्राम से दोस्ती कर उसे शादी का प्रलोभन देकर विगत 5-6 माह से उसके साथ अनाचार कर रहा था एवं नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर उसके घर से भगाकर अपने घर पर छुपा कर रखा था। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटें के भीतर नाबालिग पीड़िता को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक गणेश यादव व टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## टाउन हाल में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 12 साल विश्वास के, विकास के, जन-कल्याण के तहत पार्टी के चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करने व आगामी कार्यक्रम को गति देने के उद्देश्य से आज जिला कार्यालय में बैठक की गयी।

- तैयारियों को लेकर बैठक में हुआ विचार विमर्श

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने विशेष जनसंपर्क अभियान की रुपरेखा पर प्रकाश डाला। इसी तारतम्य में शनिवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाऊन हॉल में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

उन्होंने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान में जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता घरों में पहुंच कर जनसंपर्क करेंगे और गणमान्य जनों से संवाद करते हुये केन्द्र व राज्य सरकार के कार्य व जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। सुबह 11 बजे विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा वन मंत्री केदार कश्यप सम्मिलित होंगे।





**ये रहे उपस्थित**

बैठक में महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह आर्य, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, परीसराम बेसरा, योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, सफीरा साहू प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, माहेश्वरी ठाकुर, योगेश सिंह ठाकुर,नीलाम्बर सेठिया, संतोष बघेल, विनय सोना, अजीज खान, सुरेश गुप्ता,बी जयराम, गोविंद ईनाणी, केतन महानंदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेंटनेंस से 8 घंटे बिजली बंद होने से उपभोक्ता रहे परेशान

जगदलपुर। शहर के 11 केव्ही बस स्टैंड फीडर में मानसून पूर्व विद्युत लाईन का मेंटनेंस किया गया। मेंटनेंस के चलते लाईन से सटे पेड़ की डगालों की छंटाई किया गया। इससे कूलर, पंखे और एसी बंद होने से लोगों का घरों में टिकना मुश्किल हो गया है, वहीं पानी की आपूर्ति और बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। इसके चलते बोधघाट कालोनी, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, डोंगरीपारा, बस स्टैंड, गुरूद्वारा, नगर निगम कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय एवं आसपास सुबह 10 बजे से 5 बजे तक 8 घंटे बिजली बंद रहने से भीषण गर्मी में उपभोक्ता परेशान रहे। वहीं दूसरी ओर विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता एनआर भगत के निर्देश पर सहायक अभियंता विकास कुंजाम, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू के नेतृत्व में लगभग 15 कर्मचारी मेंटनेंस में जुटे रहे। शाम को बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



## केन्द्रीय जेल को मिला आईएसओ प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केंद्रीय जेल जगदलपुर ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है, जेल को आईएसओ प्रमाण पत्र दिया गया है। यह प्रमाण पत्र बंदियों के

- बंदियों के वैधानिक प्रवेश, अभिरक्षा, सुरक्षा, कल्याण, रिहाई के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का परिणाम

वैधानिक प्रवेश, अभिरक्षा, सुरक्षा, कल्याण, शिकायत निवारण एवं रिहाई प्रबंधन के क्षेत्र में किये जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है। आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणन यह दशार्ता है की केंद्रीय जेल में कार्य प्रक्रियाओं को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित एवं क्रियान्वित किया जा रहा है। आईएसओ द्वारा 27 मई 2026 को जारी वैधता 26 मई 2029 तक रहेगी। केन्द्रीय जेल में बंदियों के पुनर्वास एवं सुधार के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता प्रबंधन, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा विभिन्न सुधारात्मक कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। इन सभी व्यवस्थाओं का मूल्यांकन गुणवता आश्वासन प्रमाणन वीआरसी के द्वारा किया गया जिसके उपरांत यह प्रमाणन प्रदान किया गया। यह प्रमाणन दशार्ता है की केंद्रीय जेल जगदलपुर में कार्य प्रक्रियाओं को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित एवं क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस अवधि के दौरान नियत समय पर निगरानी (सर्विलांस) ऑडिट भी किया जाएगा। केंद्रीय जेल जगदलपुर द्वारा अपनाई गई गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली जेल प्रशासन के सभी प्रमुख कार्य क्षेत्रों, सुरक्षा, बंदी कल्याण, शिकायत निवारण और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाती है।





**सभी का सामूहिक प्रयास**

यह उपलब्धि समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। भविष्य में भी जेल प्रशासन गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगा। आईएसओ प्रमाणन प्राप्त होने से केन्द्रीय कारागार की कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार, उत्तरदायित्व एवं सेवा गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।

**अक्षय तिवारी,जेल अधीक्षक**

**नेतानार के सेवा डेरा में विधायक ने 20 महिलाओं को सिलाई मशीन दिया**

# माता-बहनों को आत्मनिर्भर बना रही हमारी सरकार : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम नेतानार में शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा में सिलाई मशीन में प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिलाओं को सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र का वितरण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया ।

- सेवा डेरा से संवर रहा महिलाओं का भविष्य

पिछले माह 18 मई को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सेवा डेरा में सिलाई प्रशिक्षण, इमली प्रसंस्करण इकाई, बस्तर ढेकी राइस ईकाई का शुभारंभ किया था। सेवा डेरा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर हमारी सरकार माता बहनों को आत्मनिर्भर व रोजगार सुनिश्चित करने कार्य कर रही है। 20 बहने प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने गांव में जाकर घरों में सिलाई मशीन से आय अर्जित कर आत्म निर्भर बनेगीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री की सोच है कि बस्तर के गांव के बेटियां आत्मनिर्भर बनें। प्रधानमंत्री देश में किसान, गरीब, युवा एवं महिलाओं को सुदृढ़ करने के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं।

वहीं सेवा डेरा में प्रशिक्षित दशमती नाग ने अनुभव साझा करते कहा कि सेवा डेरा में सिलाई मशीन प्रशिक्षण प्राप्त कर हम आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। सिलाई मशीन को घर ले जाकर हम घर पर सिलाई कर आय के स्त्रोत सजृन करेंगे।





**ये रहे मौजूद**

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य रामा नाग, सरपंच हीरादई नाग, लखीधर बघेल, चंद्रकांत सेठिया, सतीश सेठिया, प्रकाश नागे, मानसाय, सीईओ अमित भाटिया व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।